## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए 3 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक महिला आवेदिका 3 मार्च 2020 शाम 5 बजे तक परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना धरमयगढ़ कार्यालय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस में कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### महापौर 19 को मेयर इन काउंसिल की बैठक लेंगे

**रायपुर (आरएनएस)।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय के तृतीय तल पर स्थित सभा कक्ष में नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक दिनांक 19 फरवरी 2020 बुधवार को दोपहर 2 बजे बुलाई गई है।

### ज्वेलर्स दुकान में चोरी की नियत से घुसी महिला ने दुकानदार पर किया राड से हमला, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** ज्वेलर्स दुकान में चोरी की नियत से महिला ने चांदी की करधन खरीदने के बहाने संचालक के सर पर राड से हमला कर चांदी की करधन चोरी करने का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट आमानाके थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार उदिया सोसाइटी सेक्टर -3 टाटीबंध आमानाका निवासी नीरज कुमार कंसल 50 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का प्रतिमा ज्वेलर्स नाम की दुकान टाटीबंध में है। सोमवार को 6.30 बजे किसी अज्ञात महिला ने ज्वेलर्स दुकान में करधन खरीदने के बहाने दुकान में आकर चांदी का करधन चोरी कर झिल्ली में रख ली। महिला पर शक होने पर आरोपियां ने ज्वेलर्स दुकान के संचालक पर राड से सिर पर हमला कर जेवर फेंककर फरार हो गई।

### झगराखंड आवर्धन जलप्रदाय योजना के लिए 5 करोड़ 17 लाख स्वीकृत

**रायपुर (आरएनएस)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कोरिया जिले के झगराखंड आवर्धन जलप्रदाय योजना स्वीकृत की गई है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार झगराखंड आवर्धन जलप्रदाय योजना अंतर्गत झगराखंड एनीकट निर्माण कार्य के लिए लगभग 5 करोड़ 17 लाख रुपए के लागत की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। उक्त योजना का क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं।

### पटरी टूटी, बड़ा रेल हादसा टला

**रायपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर-अनूपपुर रेल खंड में पेंड्रा रोड और हर्री रेलवे स्टेशन के बीच में पटरी टूटने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इसकी जानकारी मिलते ही रेल मंडल द्वारा तत्काल टूटी पटरी को ठीक कराया गया, जिसके बार इस रूट में ट्रेनों का आवागमन शुरू हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह बिलासपुर-अनूपपुर रेलवे खंड में पेंड्रारोड और हर्रि रेलवे स्टेशन के बीच स्थित खंभा नंबर 82305 के पास रेल पटरी टूटी मिली। जिस समय इसकी जानकारी रेल अधिकारियों को मिली उस समय शहडोल मेमू लोकल ट्रेन वहां से गुजरने वाली थी। जिसके बाद ट्रेन को घटना स्थल से महज कुछ मीटर पहले ही चालक द्वारा रोकी ली गई। जिसके कारण यहां बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

### पाकेटमारी करते हुए चोर पकड़ाया, विरोध करने पर किया प्राणघातक हमला

**रायपुर (आरएनएस)।** पाकेटमारो द्वारा शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में भीड़ का लाभ उठाकर बड़ी मात्रा में चोरी करने की घटनाएं बड़ रही है। सिविल लाइन थाने से मिली जानकारी के अनुसार शैलेंद्र सिंह ठाकुर आयु 40 वर्ष पिता निर्मल सिंह निवासी फारेस्ट कालोनी पंडरी सिविल लाइन के पेंट के पीछे पाकेट से लक्ष्मण दीप 23 वर्ष पिता प्रकाश दीप एवं उस्मान खान द्वारा पुराना शदाणी दरबार के पास पैदल जाते वक्त पाकेटमारी कर चोरी की हरकत की जिसपर शैलेंद्र सिंह ने तत्काल चोर को पकड़कर आपत्ति की।

# रायगढ़ पुलिस अधीक्षक ने ली सारंगढ़ अनुविभाग के थानों की समीक्षा बैठक

» पुलिस चौपाल में बोले पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण शीघ्र करें

» अनुविभाग के गुण्डा, निगरानी बदमाश पुलिस अधीक्षक के समक्ष कराये गये हाजिर

» अपराधी किस्म के लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई के निर्देश

» 25 नागरिकों को गुड सेमेरिटन एवं कार्यों के लिए मेमेंटो, प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा अब अनुविभाग वार एक स्थान पर अनुविभाग के सभी थाना/चौकियों की समीक्षा बैठक ली जा रही है जिसकी शुरूवात दिनांक 11.02.2020 को खरसिया अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले थानों की समीक्षा बैठक लेकर की गई थी। दिनांक 18.02.2020 को पूर्वनियोजित कार्यक्रम अनुसार अनुविभाग की समीक्षा बैठक एस.डी.ओ.पी कार्यालय सारंगढ़ में रखी गई थी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक वर्मा, एस.डी.ओ.पी. सारंगढ़ जितेन्द्र खूंटे, अनुविभाग के थाना सारंगढ़, बरमकेला, सरिया, कोसीर, डोंगरीपाली एवं चौकी कनकबीरा के प्रभारीगण एवं विवेचकगण उपस्थित हुए। क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सारंगढ़ डिवीजन के थाना/चौकी प्रभारियों से माह में कार्यों की प्रगति, शिकायत, अपराध के निकाल की जानकारी लेकर लंबित अपराध एवं शिकायतों के निकाल के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए । उन्होने प्रभारीगण एवं विवेचकों से कहा कि किसी तरह की दिक्कत हो तो सीधे अवगत कराएं।

छोटी-छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लिया जाए। समुदायिक पुलिसिंग के जरिये गांवों में जाकर लोगों के बीच बैठे। गांव के माहौल और बाहर से आने वाले अपराधियों के बारे में जानकारी लेते रहें। सीमावर्ती क्षेत्र होने से तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक दौरान थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र के गुंडा, निगरानी बदमाशों को पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष हाजिर कराया गया। जिनके पूर्व अपराधिक इतिहास की समीक्षा कर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उनसे पूछताछ किया गया और अपराधिक कार्यों में संलग्न न होकर बेहतर रूप से जीवन यापन करने की हिदायत दिया गया। निगरानी बदमाशों में एक बदमाश सुनील देवांगन निवासी सारंगढ़ की दिव्यंगता को देखकर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना प्रभारी सारंगढ़ को उसके ईलाज एवं व्यवस्था की मदद करने के लिये बोले। बैठक में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थानों में दर्ज हुये गुम नाबालिगों के प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा गुम इंसानों के वारिशानों से समक्ष में जांचकर्ता अधिकारियों से जांच की स्थिति की जानकारी लिये एवं जांचकर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक बाद थाना सारंगढ़ परिसर में पुलिस चौपाल लगाई गई थी जिसमें सारंगढ़ क्षेत्र के करीब 300 लोग उपस्थित थे। चौपाल में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के समक्ष क्षेत्रवासियों द्वारा कच्ची महुआ शराब बिक्री की शिकायतें की गई ,जिस पर एसपी सर द्वारा शराब कोचियों के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए गए एवं इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी कहकर सख्त हिदायत दिया गया है। कई शिकायतकर्ता अपने जमीन विवाद, पारिवारिक कलाह आदि पर पुलिस कार्यवाही पर असंतोष जाहिर किये जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा। थाना प्रभारियों को थाने पर आने वाले पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण ईमानदारीपूर्वक शीघ्र करने के निर्देश दिए ।अनुविभाग के थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र के गुड सेमेरिटन, पुलिस मददगार एवं अच्छे कार्यों में संलग्न रहने वाले 25 व्यक्तियों को आमंत्रित किये थे, जिन्हें पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मेमेटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किये तत्पश्चात सारंगढ़ शहर के सम्मानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्तियों एवं पत्रकार बंधुओं से रूबरू हुए।




## छ.ग.विधानसभा बजट सत्र 24 फरवरी से 4 अप्रैल तक

» अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी नोडल अधिकारी नियुक्त

» अधिकारी-कर्मचारी कलेक्टर की पूर्वानुमति बिना अवकाश पर नही जायेंगे

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 24 फरवरी से 01 अप्रैल 2020 तक चलेगा। कलेक्टर यशवंत कुमार ने विधानसभा बजट सत्र के दौरान प्राप्त विधानसभा प्रश्नों का उत्तर तैयार कर समय उपलब्ध कराने हेतु अपर कलेक्टर रायगढ़ आर.ए.कुरूवंशी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने जिले में पदस्थ एवं कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विधानसभा बजट सत्र के दौरान तत्काल प्रभाव से निर्देशित किया है कि वे सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे।

# शासन की नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना बनी महिलाओं के लिए मददगार

» मेहनतकश महिलाओं ने सामूहिक खेती के साथ ही गौठान में गमला निर्माण कर आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ाये हैं कदम



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले की मेहनतकश महिलाओं ने अपनी लगन और हौसले से आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाये है। शासन की नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना इसमें मददगार बनी है। जहां एक ओर महिलाएं सामूहिक खेती के लिए आगे आयी है वहीं शासन की योजना के तहत विभिन्न कार्य करते हुए स्वावलंबी बन रही है। विकासखण्ड बरमकेला के मॉडल गौठान हिर्री में ग्राम्य महिला समूह द्वारा गमला निर्माण एवं वर्मी कम्पोस्ट एवं जैविक खाद तैयार किया जा रहा है। वहीं गौठान के घेराव के लिए गुणवत्तायुक्त आरसीसी पोल 1100 नग गौठान में ढलाई कर तैयार किया गया है। समूह की महिलाओं ने गमला मशीन खरीदकर गमला निर्माण किया है और स्थानीय बाजार में विक्रय कर रही हैं। समूह की महिलाओं द्वारा 20 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर किसानों को खेती कार्यों के लिए भी बिक्री की जा रही है, जिससे समूह की महिलाओं की आय में बढ़ोतरी हुई है। पुसौर विकासखण्ड के ग्राम तरडा में गौठान परिसर में प्रतिमा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा 1.50 एकड़ में बाड़ी विकास कार्य किया जा रहा है। समूह की 13 सदस्यों ने इस बंजर भूमि में बाड़ी विकास का कार्य कर आलू, प्याज, टमाटर, बरबटी, लौकी एवं अन्य सब्जियों की खेती की गई है, जिससे उनकी आमदनी बढ़ी है। पुसौर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पुसल्दा में गौठान महिला समूह द्वारा दो एकड़ में आलू की खेती की गई है। बंजर भूमि में क्यारी तैयार कर जोताई एवं पानी की व्यवस्था कर आलू की खेती करने का बीड़ा समूह की 12 महिला सदस्यों ने उठाया।

# सोल्डर डिस्टोनिया की बीमारी से निर्जीव हो गए हाथ में फिर से लौट रही जान

» जतन केन्द्र में फिजियोथैरेपी से स्वस्थ हो रही है जानवी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जतन जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र रायगढ़ में भर्ती नन्ही बच्ची जानवी विश्वकर्मा के हाथ में सोल्डर डिस्टोनिया की बीमारी से निर्जीव हो गए हाथों में फिजियोथैरपी से जान लौट रही है। सारंगढ़ के जगेश्वर विश्वकर्मा अपनी दो माह की बच्ची के बांये हाथ में लकवा की बीमारी से परेशान थे। बच्ची महज दो दिन की थी और अपना बांया हाथ नहीं उठा पा रही थी। डॉक्टरों को दिखाने पर कहा गया कि यह बीमारी केवल फिजियोथैरेपी से ठीक होने की संभावना है। जगेश्वर विश्वकर्मा अपनी बच्ची को लेकर जतन केन्द्र आए जहां फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.सिद्धार्थ सिन्हा (न्यूरो फिजियोथैरेपिस्ट)को जांच के उपरांत सोल्डर डिस्टोनिया बीमारी के लिए दो महीने फिजियोथैरेपी की सलाह दी। बच्ची के पिता विश्वकर्मा ने जतन केन्द्र के निकट अपने रहने की व्यवस्था की और लगातार बच्ची फिजियोथैरेपी ले



रही है। एक माह की फिजियोथैरेपी में जानवी अपने निर्जीव हो गए हाथ को हिला पा रही है एवं खुद से हाथों को उठा पा रही है। शासन की योजनान्तर्गत जानवी विश्वकर्मा की हालत में दिन ब दिन सुधार आ रहा है। बच्ची के पिता जगेश्वर विश्वकर्मा ने कहा जतन केन्द्र ऐसी बीमारी से ग्रसित बच्चों के लिए एक विशेष केन्द्र है, जाहं ऐसी चिकित्सा सुविधा से उनकी बच्ची में तेजी में सुधार आ रही है।

## चौकी प्रभारी जुटमिल ने लगाया डुमरपाली में चलित थाना



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** दिनांक 17.02.2020 को पुलिस चौकी जुटमिल अन्तर्गत ग्राम डुमरपाली में चौकी प्रभारी अंजना केरकेट्टा द्वारा चलित थाना लगाया गया। उपस्थित जनसमूह को मानव तस्करी, शराब से होने वाले दुष्परिणाम, यातायात नियमों का पालन करने, अज्ञात व्यक्ति द्वारा एटीएम ब्लॉक होने के नाम पर ठगी से बचने के संबंध में टी.आई. केरकेट्टा द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया तथा इससे सतर्क रहने की सलाह दी गई। इस दौरान उन्होंनें असामाजिक तत्वों के गैर कानूनी कार्यों की जानकारी बेफिक्र होकर पुलिस को देने के लिये कहा गया है। उपस्थित लोगों को यातायात के संबंध में जानकारी देकर हेलमेट पहनने के साथ सभी दस्तावेज लेकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। टी.आई. जुटमिल द्वारा चलित थाने में उत्सुकता से बैठे 10वी, 12वी के बच्चों को आने वाले बोर्ड परीक्षा की अच्छे से तैयारी से साथ परीक्षा देने एवं सफल होने की शुभकामनाएं दी गई। चलित थाने में सरपंच, पंच एवं करीब 100 की संख्या में महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर अब राशन कार्ड से 65 लाख परिवारों को मिलेगी उपचार सुविधा



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर प्रदेश के लगभग 65 लाख परिवार अब राशन कार्ड के जरिए शासन द्वारा अधिकृत अस्पतालों में उपचार प्राप्त कर सकते हैं। प्राथमिकता परिवार एवं अंत्योदय राशनकार्डधारी परिवारों को सालाना 5 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा मिलेगी। वहीं सामान्य राशनकार्डधारी परिवार 50 हजार रूपए तक का इलाज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल के मंशानुरूप प्रदेश के गरीबों, पिछड़ों सहित सभी परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो, इसके लिए डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना व मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना शुरू की गई है। दूरस्थ अंचलों के हाट-बाजारों में आने वाले लोगों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के लिए मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना और शहरी क्षेत्र के मरीजों के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री बाल हृदय सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) को शामिल किया गया है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देश पर संजीवनी सहायता कोष योजना का विस्तार किया है।

» सुबह व शाम में लगेंगे दो बैच » अध्यापन कार्य हेतु अनुभवी शिक्षक भी कर सकते है संपर्क

# तेजस एकेडमी द्वारा निःशुल्क कोचिंग के नये बैच 24 फरवरी से


**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला प्रशासन रायगढ़ की पहल पर युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए तेजस एकेडमी के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कक्षायें संचालित की जा रही है। तेजस एकेडमी द्वारा 24 फरवरी 2020 से न्यू ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में नये बैच प्रारंभ किये जा रहे है। प्रातः 7 से 11 व शाम 5 से 8 बजे तक यह बैच चलेंगे। एसएससी, बैंकिंग तथा रेलवे के लिए शाम 5 से 8 बजे तक पृथक बैच संचालित की जाएगी। जिसमें यूपीएससी, पीएससी, व्यापम, रेलवे, एसएससी, बैंकिंग व शिक्षा पात्रता परीक्षा हेतु तैयारी करवायी जाएगी। ज्ञात हो कि तेजस एकेडमी से अब तक 60 छात्रों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो चुका है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2019 में तेजस एकेडमी के छात्र कमल सिदार सहायक संचालक, पंचायत विभाग के पद पर चयनित हुए। इसी तरह रेलवे ग्रुप-सी के लिए ज्वाला सिंह क्षत्रिय, लक्ष्मण साहू, मार्कफेड एकाउन्टेट के लिए रमेश सिन्हा, व्यापम द्वारा आयोजित सहायक ग्रेड-3 में मुकेश गुप्ता एवं कौशल पटेल, प्रयोग शाला सहायक हेतु रंजीत गुप्ता, लोकेश्वर पटेल, ममता मालाकार, ऐश्वर्या, पटवारी में लोकेश्वर पटेल, आर्मी जीडी के लिए धीरेन्द्र प्रधान एवं परमेश्वर पाण्डेय, फारेस्ट गार्ड के लिए रमेश कुमार आंडिल्य, व्यायाम शिक्षक के लिए सुरेश कुमार, शम्मी पुरसेठ एवं जीतू साहू, सीजी टीईटी के लिए सोनिया पटेल चयनित हुई एवं केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी चयन हुआ। जिला प्रशासन रायगढ़ के पहल व सहयोग से संचालित तेजस एकेडमी में परीक्षा के पाठ्यक्रम के अनुसार अनुभवी शिक्षकों द्वारा तैयारी करवायी जाती है। एकेडमी में व्यवस्थित अध्यापन, कुशल मार्गदर्शन के फलस्वरूप ही रायगढ़ जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक विशेष वातावरण निर्मित हुआ है। प्रतिभागियों की तैयारी का सतत् आंकलन व परीक्षा के सभी पहलुओं से अवगत कराने हेतु प्रत्येक रविवार को टेस्ट सीरिज का आयोजन किया जाता है। यह टेस्ट सीरिज पूर्णतः निःशुल्क होती है। जिसमें जिले तथा जिले के बाहर के विद्यार्थी भाग ले सकते है।

# बारदाना के भौतिक सत्यापन कर सभी धान खरीदी केन्द्रों में उपलब्धता सुनिश्चित करें अधिकारी-कलेक्टर यशवंत कुमार

» साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल कटाई के औसत उपज के आंकड़ों का सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कार्य के पूर्ण नहीं होने पर गहरी नाराजगी जाहिर की।

धान खरीदी कार्य की समीक्षा करते हुए बारदाना के भौतिक सत्यापन पूर्ण करने तथा सभी खरीदी केन्द्रों में बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि इस कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। खरीदी केन्द्रों के लिए अधिकृत अधिकारियों को चेक पोस्ट तथा सीमावर्ती इलाकों के



साथ खरीदी केन्द्र की सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी के अंतर्गत निर्मित गौठानों में जैविक खाद निर्माण की जानकारी ली तथा शीघ्र ही जिले के समस्त गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट तथा नाडेप विधि से जैविक खाद निर्माण प्रारंभ कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही समस्त गौठानों के लिए गांव से पैरादान सुनिश्चित करने को भी कहा। कलेक्टर यशवंत कुमार ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के मिशन मोड में क्रियान्वयन के परिपेक्ष्य में संचालित होने वाली



गतिविधियों की गहन समीक्षा की, जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी अभियान में लेने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। राजस्व से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए भुईयां सॉफ्टवेयर में प्रविष्ट डेटा के शत-प्रतिशत सत्यापन व अद्यतीकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि व प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के लिए प्राप्त आवेदनों को पूर्णतः ऑनलाईन पंजीबद्ध करने के लिए सभी एसडीएम को कहा। कृषि विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि किसान क्रेडिट कार्ड के लिए जिले में कैम्प लगाकर बचे किसानों का केसीसी जारी करें। उन्होंने आगे कहा कि भू-अर्जन के प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करें। कलेक्टर यशवंत कुमार ने एग्रो फारेस्ट्री तथा एग्रो हार्टीकल्चर विकास के लिए समस्त एसडीएम व तहसीलदार को विकासखण्ड स्तर पर बंजर या रिक्त भूमि आबंटित करने कहा। खाद्य विभाग के कार्य की समीक्षा करते हुए उचित मूल्य दुकानों को अग्रिम में प्रदाय राशन सामग्री के लंबित राशि की शीघ्र वसूली तथा राशन कार्ड नवीनीकरण उपरांत पुराने तथा अपात्र राशन कार्ड जमा करवाकर प्रमाण-पत्र खाद्य विभाग में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480